Title: Demand to not to close Zoo at the Kota district, Rajasthan.

श्री रघुवीर सिंह कौशल (कोटा) : अध्यक्ष महोदय, मेरे क्षेत्र में चिड़िया घर है। वह रियासत के जमाने से चला आ रहा है। जंगली जानवर जंगलों में कम होते हैं। लोगों को देखने के लिए वे इन पिंजरों में मिलते हैं किन्तु जन्तु प्राधिकरण ने प्रॉपर मापदंड न होने के कारण उसे बंद करने का नोटिस दे दिया है। इससे मेरे क्षेत्र की जनता और स्कूलों के बच्चे उद्वेलित हैं। मैं चाहूंगा कि केन्द्रीय प्राधिकरण उसे ठीक मापदंडों के

अनुसार बनाने के लिए कुछ समय दे। हम स्टेट गवर्नमैंट की तरफ से प्रयास कर रहे हैं कि वह इसके लिए पांच एकड़ जमीन और दे ताकि बड़े पिंजरे बन सकें, जगह पर्याप्त हो सके और वे बंद न हों अन्यथा उस क्षेत्र में व्याप्त असंतोा भयंकर रूप ग्रहण कर सकता है।

एक माननीय सदस्यः अध्यक्ष महोदय, हमने भी नोटिस दिया है।

MR. SPEAKER: The remaining notices will be taken up tomorrow.

13.32 hrs.